रोमांचः साइकिल से 16 माह में 19 देश

आगरा, निज संवाददाता: न कोई झिझक, न कोई संकोच। बाधाएं आईं पर कोई परवाह नहीं की। चलते चले, चलते चले। साइकिल से ही पार कर लिए 16 माह में 19 देश। यानि 16000 किलोमीटर से अधिक की यात्रा।

• नीदरलैंड के युगल को भाया भारत का शाकाहार

नीदरलैंड निवासी एल्ड्रिक मुल्डर (41 वर्ष) और उनकी पत्नी सोनिया स्प्राय (43 वर्ष) ने दिखाया गजब का उत्साह। एल्ड्रिक वेब डिजाइनर हैं और पत्नी इंगलिश टीचर। दोनों ने शादी के तीन साल तक जमकर मेहनत की और पैसा कमाया, मकान खरीदा। उसके बाद मकान भी बेच डाला। इससे मिला पैसा बटोरकर साइकिल पर निकल पड़े विश्व भ्रमण को।

31 जुलाई 2006 को एम्सटरडम से इस यात्रा को शुरू करके वे लिस्बन (पुर्तगाल), बार्सीलोना (स्पेन), रोम (इटली), एथेंस (ग्रीस), तुर्की, तेहरान (ईरान), ताशकंद (रूस) और लाहौर होते हुए भारत आये। अमृतसर, दिल्ली भ्रमण किया और आगरा आकर देखा ताजमहल।

होटल ताज प्लाजा में इस दम्पति ने दैनिक जागरण को बताया कि इस यात्रा के दौरान उन्हें प्राकृतिक बाधाओं से भी जूझना पड़ा। लेकिन जब वे आगरा आये तो सोनिया की कमर लचक गई। एसएन मेडिकल कालेज के चिकित्सकों को दिखाया। उन्होंने एक माह तक आराम की सलाह दी। होटल में प्रवास के बाद अब वे पुनः अपने अभियान के लिए रवाना होंगे।

एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया कि उन्हें भारत आकर शाकाहार ज्यादा पसंद आया। वर्ल्ड वेज ट्रेवल कम्पनी के प्रदीप पाराशर और होटल के सिद्धार्थ नंदन ने रोमांचक सफर करने वाले दम्पति का स्वागत किया।